लापरवाही | नहीं चेत रहा प्रशासन, घटना के बाद ही खुलेगी नींद !

# बैंको से गायब सुरक्षा गार्ड, व्यवस्था भगवान भरोसे



खुले द्वार, नदारद सुरक्षा गार्ड | जर्जर एसी और ग़ायब पासबुक प्रिंटिंग मशीन | एटीएम में जानवरो का क़ब्ज़ा


टूटे पड़े बोर्ड

**जबलपुर, नवभारत।** शहर में मौजूद ज्यादातर बैंक बिना सुरक्षा कर्मियों के चल रहे है। नगर के कटंगा और करमचंद चौक स्थित इंडियन बैंक की शाखाओं में न तो कोई गार्ड मौजूद रहता है और न ही पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाती है। बैंक कर्मी बिना सुरक्षा बंदोबस्त के ही रुपये की लेनदेन करते है। अब इसे बैंक प्रबंधन की लापरवाही कहें या फिर पुलिस प्रशासन की उदासीनता, किसी न किसी की तो जवाबदेही इस मसले पर बनती है। सिर्फ इंडियन बैंक ही नहीं, रसल चौक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में भी कोई सुरक्षा कर्मी उपस्थित नहीं रहता है।

### हो चुका है कांड

यह हाल तब है जब हाल ही में सिंगरौली जिले के बैढ़न में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में दिनदहाड़े बदमाशों ने गन प्वाइंट पर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाकर 20 लाख रुपये नकद और करीब 6 किलो सोना लूट लिया था। इस वारदात को मात्र 15-20 मिनट के अंदर ही अंजाम दिया गया था इस घटना के बाद राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। वही जिला प्रशासन का सख्त निर्देश है कि बैंकों की सख्त सुरक्षा व्यवस्था रहनी चाहिये। लेकिन बड़ी घटना घटने के बाद ही प्रशासन कि नींद खुलती है। वही बैंककर्मियो ने बताया कि शाखा में फिलहाल कोई भी सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं है।

### एटीम में जानवर !

गुरुवार को इंडियन बैंक की कटंगा शाखा में सुरक्षा कर्मी की मौजूदगी नहीं होने के कारण एक बेसहारा जानवर एटीएम बूथ में घुस गया। जिसे भगाने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। बता दें कि पिछले दिनों इन्हीं जानवरों के द्वारा लोगों को घायल भी किया जा चुका है। लोगों की मांग है कि जान माल की सुरक्षा के लिए जानवरों का बेहतर इंतजाम किया जाना चाहिए।

### टूटी पड़ी मशीनें

लापरवाही की हद तब पार हो गई जब कटंगा स्थित इंडियन बैंक की शाखा में पासबुक प्रिंटिंग मशीन सालों से टूटी पड़ी है। यही नहीं पासबुक प्रिंटिंग के लिए अलग से बनाए गए कक्ष में लगा ऐसी भी जर्जर हो चुका है लेकिन बैंक प्रबंधक को इन सब से कोई लेना देना नहीं है। इतना ही नहीं सड़को पर आमजनों को सूचित करने लगाए जाने वाले ट्यूबलाइट बोर्ड भी सालों से बाहर खुले में पड़े हुए है। अव्यवस्थित रूप से पड़े रहने के कारण बोर्ड में जंग लग चुकी है। लेकिन जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

## आदेश का पालन न होने पर कोर्ट सख्त

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने पूर्व आदेश का पालन न किए जाने के मामले को सख्ती से लिया। एकलपीठ ने मामले में अनुविभागीय अधिकारी को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह अवमानना का मामला याचिकाकर्ता जमरा, तहसील चंदेला, जिला छतरपुर निवासी गिरिजा बाई अहिरवार की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता शंभूदयाल गुप्ता व कपिल गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नायब तहसीलदार ने भूमि का पट्टा याचिकाकर्ता के नाम किया था। इसके बावजूद कालांतर में याचिकाकर्ता का नाम अलग कर भूमि को शासकीय दर्ज कर लिया गया। इसकी शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। न्यायालय ने 90 दिन के भीतर शिकायत दूर करने का निर्देश दिया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसीलिए अवमानना याचिका दायर की गई।

## स्टेट बार चुनाव के स्वीकृत नामांकन 119 से बढ़कर 121 हुए


5 प्रपत्र अभ्यर्थियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण लंबित थे

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव में जमा किए गए स्वीकृत नामांकनों की संख्या 119 से बढ़कर 121 हो गई है। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एसके पालो ने दी। उन्होंने अवगत कराया कि नामांकन प्रपत्रों की जांच प्रक्रिया विधिवत संपन्न की गई। कुल 138 नामांकन प्रपत्रों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 119 प्रपत्र निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए जाने पर स्वीकार किए गए, जबकि 19 प्रपत्र विभिन्न कारणों से अस्वीकृत किए गए। अस्वीकृत 19 नामांकन प्रपत्रों में से 11 प्रपत्र अभ्यर्थियों के अधिवक्ता संघों में पदाधिकारी होने के कारण निरस्त किए गए। इसके अतिरिक्त 5 प्रपत्र अभ्यर्थियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण लंबित होने व तीन प्रपत्र अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित होने के कारण अस्वीकृत किए गए।

एक प्रकरण ऐसा भी पाया गया, जिसमें अभ्यर्थी संघ का पदाधिकारी होने के साथ-साथ आपराधिक प्रकरण में भी संलिप्त था। अस्वीकृति के विरुद्ध कुल 10 प्रकरणों में अपील प्रस्तुत की गई। हाई पावर्ड इलेक्शन कमेटी द्वारा इन अपीलों पर विस्तृत विचार करते हुए दो आपराधिक प्रकरणों में अपील स्वीकार की गई। फलस्वरूप, आनंद मोहन चौधरी व रघुनाथ प्रताप नारायण मिश्रा, जो पूर्व में अस्वीकृत सूची में सम्मिलित थे, अब उनके नामांकन स्वीकार कर लिए गए हैं।

# विपक्ष ने किया महिलाओं का अपमान



**जबलपुर, नवभारत।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक के मार्ग में बाधा उत्पन्न कर विपक्षी गठबंधन ने अपनी असली मानसिकता उजागर कर दी है। पत्रकार वार्ता के दौरान भिंड सांसद संध्या राय ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, डीएमके और उनके सहयोगी दलों ने महिलाओं को मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण के ऐतिहासिक अवसर को बाधित कर करोड़ों महिलाओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने संसद में विपक्ष द्वारा इस गतिरोध पर मनाए गए जश्न को देश की आधी आबादी का अपमान बताया। सांसद संध्या राय ने स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान के अनुसार लोकसभा और विधानसभाओं का पुनर्गठन जनगणना के बाद परिसीमन आयोग द्वारा ही किया जाता है। उन्होंने वर्ष 2001 की जनगणना के बाद अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के उस निर्णय का उल्लेख किया जिसमें 2026 के बाद पहली जनगणना तक परिसीमन स्थगित रखने की बात कही गई थी ताकि दक्षिणी राज्यों के हितों की रक्षा हो सके। इसके बावजूद विपक्ष जनता के बीच भ्रम फैला रहा है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के बयान का हवाला देते हुए कहा कि परिसीमन से किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा और संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा।

### महिलाओं को सशक्त बनाया

सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने महिलाओं को केवल वादे नहीं दिए बल्कि तीन तलाक से मुक्ति, शौचालय, बैंक खाते और स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाया है। उन्होंने प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा महिलाओं के लिए उपयोग की गई भाषा को भारतीय संस्कृति के विरुद्ध बताया। राय ने चेतावनी दी कि देश की 70 करोड़ महिलाएं इस घटनाक्रम को देख रही हैं और इसका जवाब आगामी समय में देंगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राव, डॉ स्वाति गोडबोले, सुषमा जैन, शोभना बिलैया, रत्ना श्रीवास्तव, सुमन यादव, श्रीकान्त साहू, पंकज दुबे, रंजीत पटेल, रवि शर्मा और चित्रकान्त शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

महिला आरक्षण पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने कसा तंज

# पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में पूरी तरह एकजुट



**नवभारत, जबलपुर।** महिला आरक्षण को लेकर राजनीतिक विवाद एक बार फिर गहरा गया है। शहर पहुंची कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता इंजी ज्योति पटेल (जिला पंचायत सदस्य, सागर) ने पत्रकार वार्ता में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह परिसीमन और जनगणना की आड़ में सत्ता पर एकाधिकार की कोशिश कर रही है। प्रदेश प्रवक्ता ने कांग्रेस की ओर से कहा कि पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में पूरी तरह एकजुट है और उसने पहले भी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का समर्थन किया था। कांग्रेस का कहना है कि महिलाओं को उनका अधिकार तुरंत मिलना चाहिए, लेकिन सरकार इसे टालने की रणनीति अपना रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हवाले से कहा गया कि यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण चाहती है तो उसे परिसीमन और जनगणना की प्रतीक्षा किए बिना मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में ही 33% आरक्षण लागू करना चाहिए। पार्टी ने मांग की है कि यह आरक्षण 2029 से प्रभावी किया जाए और इसमें ओबीसी वर्ग की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक ढांचे में बदलाव कर कार्यकारी शक्तियों का केंद्रीकरण करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ बताया, जबकि सरकार और नरेंद्र मोदी नेतृत्व पर महिला आरक्षण को लेकर पारदर्शी रुख स्पष्ट करने की मांग की गई है। पत्रकार वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, विनीता यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर में



### सांस्कृतिक अपमान के खिलाफ सड़क पर उतरे युवा

**जबलपुर, नवभारत।** शहर में गुरुवार को कॉर्पोरेट की ग्रूमिंग पॉलिसीन के खिलाफ युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा। सदर स्थित लेंसकार्ट स्टोर के बाहर युवा साथियों ने प्रदर्शन किया। विवाद का कारण कंपनी का वह फरमान है, जिसमें कार्यस्थल पर तिलक, कलावा और बिंदी जैसे धार्मिक प्रतीकों को अव्यावसायिक बताकर उन पर रोक लगा दी गई थी। स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक और युवा आइकन के नेतृत्व में स्टोर पहुंचकर इस नीति का कड़ा विरोध किया और प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा। कॉर्पोरेट की आड़ में हमारी आस्था को कुचलना बर्दाश्त नहीं। कार्यक्षमता का मापदंड 'कौशल' होना चाहिए, न कि चेहरे पर लगे तिलक या कलाई का कलावा। यह 'मानकीकरण' के नाम पर हमारी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का दमन है। लेंसकार्ट प्रबंधन इस तुगलकी फरमान को तत्काल वापस ले, वरना विरोध और तेज होगा।



### यार्ड से डीजल चोरी का हुआ खुलासा, पकड़े गए आरोपी

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे सुरक्षा बल, मदन महल चौकी द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए भिटौनी यार्ड से डीजल चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। पोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि 20 से 23 अप्रैल के मध्य भिटौनी यार्ड के एएंडडी साइडिंग पर खड़े डीजल इंजन क्रमांक 12510 से लगभग 200 लीटर डीजल चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई थी इस पर रेलवे सुरक्षा बल जबलपुर चौकी मदनमहल की टीम गठित कर तत्काल जांच शुरू की गई। आगे बताया गया कि 23 अप्रैल को मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने तीन आरोपियों को मौके से 45 लीटर डीजल के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आशीष कुमार मल्लाह (22 वर्ष), निवासी नर्मदा कॉलोनी, भिटोनी, यशवंत गौड़ उर्फ गद्दार (20 वर्ष) और माधव रैकवार उर्फ राज (19 वर्ष), निवासी नर्मदा कॉलोनी, भिटोनी के रूप में हुई है। जहाँ पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने दो दिन पूर्व इंजन से लगभग 155 लीटर डीजल निकालकर पाटन मोड़ के पास दो व्यक्तियों को बेचा था। आरोपियों की निशानदेही पर आगे कार्रवाई करते हुए आरपीएफ ने अरविंद सिंह उर्फ केजरीवाल, निवासी ग्राम ग्वारी थाना पाटन के कब्जे से कार क्रमांक स्क्क-20-ष्टष्ट-3293 सहित 70 लीटर डीजल बरामद किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### एक्टिवा सवार बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप कर्मचारी को लूटा

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत पाटबाबा रोड पर जीसीएफ गार्ड चौकी के पास दो अज्ञात बदमाशों ने एक ज्वेलरी शॉप कर्मचारी का रास्ता रोककर न केवल उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि सोने की चेन और कीमती मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, रांझी गुरुद्वारे के पीछे निवासी 20 वर्षीय पीयूष सिंह राजपूत सागर ज्वेलरी में काम करता है। बुधवार रात करीब 10 बजे वह रसल चौक से बिरयानी लेकर अपनी एक्टिवा से घर लौट रहा था। जैसे ही वह पाटबाबा रोड पर जीसीएफ गार्ड चौकी के पास पहुँचा, पीछे से सफेद एक्टिवा पर आए दो बदमाशों ने अपनी गाड़ी अड़ाकर उसे रोक लिया।

कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश

## भीषण गर्मी का असर : कक्षा 5वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित



**नवभारत, जबलपुर।** लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर जबलपुर जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं की प्री-प्रायमरी से कक्षा पांचवी तक की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है और आगामी दिनों में इसके और बढ़ने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुये राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार प्री-प्रायमरी से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के हित में यह निर्णय लिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शिक्षक एवं स्कूल स्टाफ नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य संपादित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी जिला प्रशासन द्वारा बढ़ते तापमान को देखते हुये स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था।

## जूते-मोजे पहनकर परीक्षार्थियों को नहीं मिलेगा प्रवेश

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के लिए प्रशासन ने सख्त गाइडलाइन जारी की है। रविवार 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की नकल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षार्थियों को विशेष नियमों का पालन करना होगा। परीक्षा के दौरान सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए इस बार परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश करना पूरी तरह निषिद्ध रहेगा, परीक्षार्थी केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही केंद्र पर आ सकेंगे। परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ-साथ बेल्ट, पर्स, टोपी, धूप का चश्मा और बालों के क्लचर जैसी एक्सेसरीज ले जाना भी वर्जित किया गया है। स्टेशनरी के तौर पर पेंसिल, रबर और व्हाइटनर का उपयोग भी वर्जित रहेगा; परीक्षार्थी केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र और गोले बनाने के लिए निर्धारित पेन, स्वयं का फोटोग्राफ, पानी की पारदर्शी बॉटल, दिव्यांग परीक्षार्थियों को उनके लिए आवश्यक सामग्री ही साथ ला सकेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थियों के कक्ष में प्रवेश से पहले उनकी सघन तलाशी ली जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की गरिमा का विशेष ध्यान रखते हुए उनकी तलाशी केवल महिला अधिकारियों द्वारा ही ली जाएगी और उनके दुपट्टे या चुन्नियों की जांच के बाद उन्हें तुरंत वापस कर दिया जाएगा। साथ ही, धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हुए हिजाब, पगड़ी, पल्ला, हाथ में बंधे धागे व ताबीज व अन्य धार्मिक मान्यता का सूक्ष्मता से परीक्षण किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में धार्मिक-सामाजिक प्रतीकों को काटने, फाड़ने या बल पूर्वक हटाने की अनुमति नहीं रहेगी और महिलाओं के आभूषण भी नहीं उतरवाए जाएंगे।

## नक़ली किन्नर बनकर वसूल रहे थे पैसे




**जबलपुर, नवभारत।** ट्रेनों में यात्रियों से जबरन वसूली करने वाले किन्नरो पर आरपीएफ ने कार्रवाई की है। बुधवार को आरपीएफ टीम ने ट्रेन नंबर 19052 श्रमिक एक्सप्रेस के जनरल कोच में जब जांच की, तो तीन किन्नर यात्रियों से वसूली करते पकड़े गए। जब इनसे पूछताछ की गई तो पता चला कि ये नकली किन्नर हैं। इन्होंने अपने नाम आशिकी कुंवर, जिन्नत किन्नर दोनों के गुरु हेमा किन्नर व निवासी गायत्री नगर कटनी बताए। इसी तरह एक ने अपना नाम रंगीली किन्नर गुरु रेशम खान निवासी नाला मोहल्ला इटारसी बताया। इसके साथ ही जानकारी दी गई कि रुपयों की जरूरत होने पर उन्हें यह रास्ता आसान लगा, जिसके बाद वे नकली किन्नर बनकर ट्रेनों में लंबे समय से वसूली कर रहे हैं। आरपीएफ ने तीनों के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 137 व 145 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

# एक ट्रिप चलेगी हावड़ा-हड़पसर (पुणे) स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने हेतु यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01452 हावड़ा-हड़पसर (पुणे) के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल पर ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर भी रहेगा। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 01452 हावड़ा से हड़पसर (पुणे) स्पेशल ट्रेन का संचालन रविवार 26 अप्रैल को एक तरफ़ा हावड़ा स्टेशन से मध्यरात्रि 00:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सतना मध्य रात्रि 01:00 बजे, कटनी 02:20 बजे, जबलपुर 03:50 बजे, इटारसी 11:50 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन मंगलवार सुबह 07:00 बजे हड़पसर (पुणे) पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 सामान्य श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी कोच सहित कुल 18 कोचेस होंगे।

### हावड़ा-सीएसएमटी के बीच विशेष गाड़ी

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा गर्मियों के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से होकर गाड़ी संख्या 01102 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल पर ठहराव सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर है गाड़ी संख्या 01102 हावड़ा से सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन का संचालन शनिवार 25 अप्रैल को हावड़ा स्टेशन से रात्रि 23:00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सतना रात्रि 23:00 बजे, पहुंचकर तीसरे दिन कटनी मध्यरात्रि 00:20 बजे, जबलपुर 01:50 बजे, इटारसी 09:50 बजे पहुँचकर और चौथे दिन मंगलवार सुबह 05:00 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी।

समीक्षा | जल गंगा संवर्धन, पेयजल आपूर्ति, सीवेज परियोजना और उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा

# 15 दिनों के भीतर जमीन पर दिखने चाहिए काम : निगमायुक्त



**जबलपुर।** फील्ड पर रहकर अधिकारी सीधे कार्यों की निगरानी करें। जल गंगा संवर्धन अभियान सहित जल आपूर्ति और सीवेज जैसे बुनियादी कार्यों के परिणाम आगामी 15 दिनों के भीतर जमीन पर दिखने चाहिए। यह बातें नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने गुरूवार को शहर के विकास और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कहीं । साथ ही शहर की जीवनरेखा जल स्त्रोतों से जुड़ी योजनाओं और कार्यों को लेकर अधिकारियों को कड़े और सकारात्मक दिशा-निर्देश जारी किए।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं

बैठक के दौरान उन्होंने जोर दिया कि कार्य न केवल समय पर पूरे हों, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी उच्च स्तर की हो। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार और सीवेज परियोजनाओं को गति देने के निर्देश दिए गए, ताकि शहरवासियों को जलभराव और गंदगी से निजात मिल सके। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने उद्यानों के रखरखाव और शहर के सौंदर्यीकरण की योजनाओं की भी समीक्षा की गई, जिससे जनता को बेहतर सार्वजनिक स्थान मिल सकें। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य आम नागरिकों के लाभ के लिए धरातल पर उतारना है।

## आवारा श्वानों के प्रबंधन-समस्याओं को लेकर निगरानी समिति गठित

**जबलपुर।** आवारा श्वानों के प्रबंधन, बधियाकरण, टीकाकरण, आहार और घटनाओं के समाधान के लिए जिला निगरानी समिति का गठन किया गया है । दरअसल आवारा श्वानों के प्रभावी प्रबंधन और उनसे जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जिला निगरानी समिति का गठन किया गया है। यह निर्णय नगरीय विकास एवं आवास विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया के तहत लिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर सिंह ने बताया कि यह समिति केवल आवारा श्वानों की संख्या को नियंत्रित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके नसबंदी (बधियाकरण), टीकाकरण और उचित आहार जैसे कार्यों की भी समीक्षा करेगी, इससे पशु क्रूरता में कमी आएगी और रेबीज जैसे रोगों पर रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य घटनाओं और जन-समस्याओं के समाधान के लिए सुधारात्मक उपाय अपनाना है।

### ये हुए शामिल

इस समिति में जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह को अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, उपसंचालक पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, जिला जबलपुर, उप संचालक कृषि एस.के. निगम, प्रभारी जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला खेल अधिकारी आशीष पाण्डेय, प्राचार्य कॉलेज समन्वयक अर्पित शुक्ला, एडब्लूबीआई के जिला प्रतिनिधि डॉ अभिषेक शुक्ला को सदस्य बनाया गया है।